# दिनांक–04.09.2024 को मुख्य अभियंता (उत्तर), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा पथ प्रमण्डल, दरभंगा अंतर्गत कराये जा रहे योजनाओं का निरीक्षण प्रतिवेदन

उपस्थिति :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री राम सकल सिंह | :– अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, दरभंगा |
| 2. | श्री प्रेम कुमार | :– कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, दरभंगा |
| 3. | श्री अखिलेश कुमार सिंह | :– सहायक अभियंता, पथ प्रमण्डल, दरभंगा |
| 4. | श्री प्रिंस कुमार | :– सहायक अभियंता, पथ प्रमण्डल, दरभंगा |

1. **हथौड़ी कोठी (पी०डब्लू०डी०) पथ–बहेड़ी (पी०डब्लू०डी०) पथ** :– इस पथ की कुल लम्बाई 5.395 कि०मी० है। इस पथ को Single Lane से Intermediate Lane में परिवर्तित करने का कार्य संवेदक M/s Royal Engineers के द्वारा किया जा रहा है। पथ में Bituminous वाले 3.295 कि०मी० एवं PQC कार्य 2.10 कि०मी० में किया जाना है। इसके विरूद्ध PQC का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। WMM का कार्य प्रगति पर है। पथ के कि०मी० 3रे में अवस्थित निर्माणाधीन 3x16M H.L. Bridge के एक Span के Desk Slab के Steel Reinforcement की जाँच की गयी जो सही पाया गया। PQC वाले पथांश के Flank में चल रहे GSB कार्य से GSB का Sample लेकर जाँच कराने का आदेश कार्यपालक अभियंता को दिया गया।

इस पथ के 2सरे कि०मी० में बागमती नदी पर अवस्थित Old H.L. Bridge के Deck Slab पर दोनों किनारे जमा धूल एवं Vegetation को साफ करने का निदेश दिया गया। इस पुल के उत्तरी पहूँच पथ के नजदीक Protection कार्य का प्रस्ताव समर्पित करने का निदेश दिया गया क्योंकि नदी की धारा उत्तर की तरफ Shift हो रही है। कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, दरभंगा को निदेश दिया गया कि उत्तर की तरफ हो रहे कटाव को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई हेतु बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल को भी अनुरोध करे।

पथ के 2सरे कि०मी० में सिंचाई विभाग के द्वारा बागमती नदी के दक्षिण भाग में अवस्थित बाँध को ऊँचा किया जा रहा है। बाँध के सटे उत्तर में Hume Pipe वाला Causeway अवस्थित है। उस Causeway के स्थान पर H.L. RCC Bridge का प्रस्ताव समर्पित करने का निदेश कार्यपालक अभियंता को दिया गया। ताकि बरसात के समय में आवागमन बाधित नहीं हो तथा High gradient के कारण वाहनों का आवागमन नहीं रूके।

2. **देकुली–सिसौनी पथ** :– इस पथ की कुल लम्बाई 21.57 कि०मी० है। इसमें 12.717 कि०मी० में Bituminous कार्य एवं 8.837 कि०मी० में PQC कार्य किया जाना है। पथ Crust का कार्य 90% से अधिक पूर्ण पाया गया। पथ के Flank में रखी गई मिट्टी का Compaction नहीं किया गया था जिसे Compact करने का निदेश दिया गया। PQC वाले पथांश में Concrete के Cutting एवं उसके Filling का कार्य सही ढ़ंग से कराने का निदेश दिया गया।

3. **रजवारा–तरौनी पथ (IRQP Work)** :– इस पथ की कुल लम्बाई 17.20 कि०मी० है। इस पथ के कार्य के संवेदक M/S HOPECON INFRA PROJECT PVT. LTD. है। कार्य के प्रारंभ की तिथि 17.11.2021 एवं समाप्ति की तिथि 16.09.2022 है। सहायक अभियंता के द्वारा बताया गया कि 2.00 कि०मी० के Bitumen का Paper संवेदक के द्वारा दिया गया है एवं संवेदक के द्वारा बताया गया कि 2.00 कि०मी० का Bituminous work 15 दिनों में पूर्ण कर लिया जाएगा। कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि संवेदक द्वारा 15 (पन्द्रह) दिन में 02 कि०मी० Bituminous Work नहीं करने पर एकरारनामा को विखंडित करने की प्रक्रिया पूर्ण की जाय।

ह0/–
मुख्य अभियंता, उत्तर
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

पत्रांक : 1603 /दरभंगा, दिनांक : 9/9/2024

प्रतिलिपि – कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, दरभंगा/अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य अभियंता, उत्तर
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।